# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**Prof.(Dr.) Anil K. Rai 'Ankit'**
**Dean : School of Humanities & Social Sciences**
**Dean : Student's Walfare**
**Director : Centre for Communication and Media Studies**

**प्रो. (डॉ.) अनिल के. राय 'अंकित'**
**अधिष्ठाता : मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ**
**अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण**
**निदेशक : संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र**


क्रमांक : 001 / 2014 / स.प.ज / 36–02 / 2014
दिनांक : 27.10.2014

## परिपत्र (संशोधित)

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांकः SECY(HE)/2014/121678 दिनांक 11.10.2014 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी पत्र क्रमांकः एफ.1–10 / 2014(सीएम) दिनांक 22.10.2014 के अनुपालन में विश्वविद्यालय ने सरदार वल्लभभाई पटेल** के जन्म दिवस (31.10.2014) को **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा** के संदेश को प्रचारित–प्रसारित एवं आत्मसात करने की दृष्टि से अनेक कार्यक्रमों के आयोजन करना सुनिश्चित किया है। इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है :

**प्रातः 6:30 बजे** — **शपथ ग्रहण**

गांधी हिल पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर अधिकारी / कर्मचारी, विद्यार्थी एवं शोधार्थी एकत्रित होंगे तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण करेंगे।

**प्रात : 6:45 बजे** — **राष्ट्रीय एकता दौड़**

गांधी हिल से नज़ीर हाट, विश्वविद्यालय परिसर तक

**प्रात : 7:30 से 8:30 बजे** — परिचर्चा

**सरदार वल्लभभाई पटेल** और **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की चुनौतियां** विषय पर नज़ीर हाट में परिचर्चा

**प्रात : 11:30 बजे** — **पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता**

राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का समता भवन, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन।

विश्वविद्यालय के इच्छुक शिक्षक एवं कर्मी भी पोस्टर निर्माण कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

अपराह्न 12:30 बजे — **पुस्तक प्रदर्शनी**

**सरदार वल्लभभाई पटेल** और **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा** विषय पर आधारित **पुस्तकों की प्रदर्शनी का** महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय, विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन।

अपराह्न 3:30 बजे — पोस्टर **प्रदर्शनी**

**सरदार वल्लभभाई पटेल** और **राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा** विषय पर हबीब तनवीर सभागार, विश्वविद्यालय परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन।

अपराह्न 4:00 बजे — फिल्म प्रदर्शन

**सरदार वल्लभभाई पटेल** पर केंद्रित दूरदर्शन द्वारा निर्मित वृत्त चित्र का हबीब तनवीर सभागार, विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन एवं चर्चा।

क्रमशः.......02


गांधी हिल्स, वर्धा – 442005 (महाराष्ट्र) भारत
Gandhi Hill, Wardha- 442005 (Maharashtra), INDIA
Mob.: 09422905749 Ph. Off. 07152-251170 Ph. Res. 07152251068
**Email : raianilankit@gmail.com** **ccmswardha@gmail.com**
**Website: www.hindivishwa.org** **www.ccmswardha.wordpress.com**

**निबंध लेखन प्रतियोगिता**

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने तय किया है कि समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर अधिकारियों/कर्मियों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अलग–अलग संवर्ग में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। इच्छुक व्यक्ति ***'आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान'*** विषय पर स्वलिखित/टंकित निबंध (लगभग 2500 से 3000 शब्दों में) 14 नवंबर, 2014 को शाम 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्य उपलब्ध करा दें। प्रतिभागी अपने निबंध के साथ इस आशय की घोषणा अवश्य करें कि उनका निबंध स्वलिखित एवं मौलिक है।

**सरदार वल्लभभाई पटेल** के जन्म दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा एवं नकद पुरस्कार राशि तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र का वितरण विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर किया जाएगा।

27/X/2014

**(प्रो. अनिल कुमार राय)**
**समन्वयक**
**सरदार पटेल जन्म दिवस : एकता, अखंडता एवं सुरक्षा समारोह**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :**

1. श्री एस.एन. मोहंती, सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को उनके पत्रांकः SECY(HE)/2014/121678 दिनांक 11.10.2014 के अनुसरण में।
2. प्रो. वेद प्रकाश, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को उनके पत्रांकः एफ. 1–10/2014(सीएम) दिनांक 22.10.2014 के अनुसरण में।
3. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक, अनुभाग प्रभारी को उनसे संबद्ध शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों–शोधार्थियों की उपस्थिति/सहभागिता सुनिशचित करने हेतु ।
4. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र इलाहाबाद एवं कोलकाता को संबंधित समारोह/गतिविधियां आयोजित करने तथा तत्संबंधी रिपोर्ट (फोटोग्राफ सहित) 03 नवंबर 2014 को दोपहर तक अधोहस्ताक्षरी के पास ई–मेल द्वारा प्रेषित करने हेतु ।
5. प्रो. सुरेश शर्मा को फिल्म/वृत्त चित्र प्रदर्शन की व्यवस्था हेतु।
6. डॉ. मैत्रेयी घोष, पुस्तकाल्याध्यक्ष को पुस्तक प्रदर्शनी की व्यवस्था हेतु।
7. डॉ. नृपेन्द्र मोदी को बापू कुटी, सेवाग्राम में परिचर्चा की व्यवस्था हेतु।
8. डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी को पैदल मार्च के संयोजन की व्यवस्था हेतु।
9. श्री ऋषभ कुमार मिश्र को पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी की व्यवस्था हेतु।
10. श्री बी.एस. मिरगे, जनसंपर्क अधिकारी को बैनर, प्ले–कार्ड्स, स्वल्पाहार इत्यादि की व्यवस्था हेतु।
11. डॉ. राजेश्वर सिंह, सहायक कुलसचिव (प्रशा. एवं स्था.) को पैदल–मार्च के दौरान प्राथमिक उपचार के लिए डाक्टर की व्यवस्था हेतु।
12. श्री नरेंद्र सिंह, विशेष कर्त्तव्याधिकारी को शपथ ग्रहण के लिए गांधी हिल पर साफ–सफाई एवं माइक की व्यवस्था तथा पैदल–मार्च के दौरान 20–25 सीटर बस एवं एंबुलेंस के रूप में बोलेरो वाहन की व्यवस्था हेतु।
13. लीला प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
14. समस्त सूचना–पट्ट।
15. कार्यालय प्रति।